आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

झुंझुनूं, बुधवार 08 नवंबर, 2023 | मूल्य ₹ 5.00 (मधुरिमा आज) | 12 राज्य | 61 संस्करण | आज 34 पेज

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, बुधवार, 8 नवंबर, 2023 | झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी | गुढ़ागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़ | dainikbhaskar.com



**समारोह** • सीरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन, पुरस्कार वितरित किए

# भ्रष्टाचार को नष्ट करने में आगे आएं युवा : कर्माकर

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

केंद्रीय सतर्कता आयोग तथा सीएसआईआर मुख्यालय के तत्वावधान में सीएसआईआर-सीरी में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाए गए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मंगलवार को समापन हुआ। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत कर्माकर ने की।

डॉ. कर्माकर ने भ्रष्टाचार के कारणों व निवारण के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे देश ने विकास व प्रगति की दौड़ में बहुत कुछ प्राप्त किया है तो नैतिक मूल्यों के रूप में बहुत कुछ खोया भी है। उन्होंने युवा पीढ़ी और छात्र समुदाय से आह्वान किया कि वे भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष वित्त एवं लेखा नियंत्रक जय प्रकाश इंदौरा ने स्वागत संबोधन दिया। इस अवसर पर संस्थान में आयोजित भाषण प्रतियोगिता तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नूहन्द (चूरू) में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीरी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा भ्रष्टाचार निवारण पर केंद्रित 'नुक्कड़ नाटिका' का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थान के मीडिया प्रमुख रमेश बौरा ने सप्ताहपर्यंत आयोजित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि देशभर में सतर्कता सप्ताह का आयोजन अमर स्वतंत्रता सेनानी, देश की एकता के सूत्रधार एवं वास्तविक नायक सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में किया जाता है।

पिलानी. कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित स्टूडेंट्स व अतिथि।